राष्ट्रीय सहारा

राष्ट्रीयता ■ कर्तव्य ■ समर्पण

■ नई दिल्ली ■ लखनऊ ■ गोरखपुर ■ पटना ■ कानपुर ■ देहरादून ■ वाराणसी से प्रकाशित

नई दिल्ली

मंगलवार ● 20 दिसम्बर ● 2016

16 पृष्ठ, मूल्य ₹ 3.50

कैशलेस होगा नर्सरी एडमिशन 2017

■ राकेश नाथ

नई दिल्ली। एसएनबी

राजधानी के गैर सहायता प्राप्त पब्लिक स्कूलों में अगले महीने से शुरू होने जा रहे नर्सरी एडमिशन में फीस का भुगतान कैशलेस माध्यम से होगा। पब्लिक स्कूल इस बार कैशलेस दाखिला प्रक्रिया पर जोर देना चाहते हैं। वैसे कई स्कूलों में पहले से ही कैशलेस दाखिला प्रक्रिया चलाई जा रही है। ऐसे में अभिभावक चेक, डिमांड ड्राफ्ट के अलावा डेबिट-क्रेडिट कार्ड से फीस का पेमेंट कर सकेंगे।

पीतमपुरा स्थित एपीजे पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य डीके बेदी ने कहा कि हमारे यहां नर्सरी दाखिले को लेकर कुल 200 सीटें हैं। यह स्कूल कैशलेस दाखिला प्रक्रिया पर जोर रहा है और इस बार इसी पर जोर रहेगा जिससे अभिभावक दाखिले में ऑनलाइन पेमेंट कर सकें। डॉ बेदी ने बेदी बताया कि अभिभावक ऑनलाइन भी डेबिट या क्रेडिट कार्ड से पेमेंट कर सकते हैं। इसके अलावा बैंक ड्राफ्ट व चेक भी से पेमेंट कर सकते हैं। लिहाजा उन्हें स्कूल में नकद फीस लेकर आने की जरूरत नहीं है। बता दें कि स्कूलों में करीब 30 से लेकर 50 हजार रुपए तक की फीस नर्सरी के दौरान स्कूलों में ली जाती है।

पीतमपुरा स्थित एमएम पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य रूमा पाठक ने कहा कि हमारे यहां अभिभावक ऑनलाइन डेबिट व क्रेडिट कार्ड या चेक से भी पेमेंट कर सकते हैं। हम अभिभावक को कैशलेस पेमेंट करने पर ही जोर देंगे। पंजाबी बाग स्थित एमसी जिंदल पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य डीके पांडेय ने कहा कि हम कैशलेस को भी बढ़ावा देंगे।